हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

12 कई अवसरों के बावजूद कालेजों में खाली रह गई 40 प्रतिशत तक सीटें



12 बेटियों की स्वर्णिम सफलता युवाओं के लिए बनी प्रेरणा



खबर संक्षेप

मोबाइल फोन छीनने के मामले में आरोपित काबू

सोनीपत। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अरविंद पुत्र महेन्द्र निवासी गांव डिमिया, जिला अररिया, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार न्यू जीवन नगर निवासी पंकज ने 25 सितंबर को शिकायत दी थी कि वह 24 सितंबर को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ई-रिक्शा लेकर एटलस रोड से जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक युवक ने झपटा मारकर उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

गन्नौर। कैलाना मोड़ के पास पेट्रोल पंप के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष के रूप में हुई है। मामले में गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहम्मदपुर माजरा निवासी राहुल ने बताया कि मनीष मेरी बुआ का लड़का है और मेरी बुआ की मौत के बाद वह है मनीष उनके घर पर रहता था। पांच अक्टूबर की शाम मनीष खेत में काम करने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान कैलाना मोड़ के पास पेट्रोल पंप के नजदीक अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए मनीष को टक्कर मार दी।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित काबू

सोनीपत। मुरथल थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान विकास पुत्र राज निवासी गांव उमेदगढ़, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को जिले की एक महिला ने शिकायत देकर आरोप लगाया था कि विकास ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर मुरथल थाना में भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रही महिला उप निरीक्षक बबली ने पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्रवाई की।

बाहरी किसानों के धान की एमएसपी खरीद बंद

गोहाना। जिले के बाहर के किसानों का पीआर धान अब गोहाना समेत जिले की मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं खरीदा जाएगा। दूसरे जिले का कोई किसान पीआर धान लेकर मंडी में पहुंचता है तो उसकी फसल का गेटपास भी नहीं काटा जाएगा। दूसरे प्रदेशों से स्थानीय मंडियों में पीआर धान पहुंचने की आशंका के चलते यह व्यवस्था की गई है। मंडी अधिकारियों के अनुसार, धान खरीद सीजन में स्थानीय किसानों की फसल की खरीद सुनिश्चित करने के लिए बाहरी किसानों की फसल पर निगरानी रखी जा रही है। दूसरे जिलों और प्रदेशों से धान की आवक होने पर स्थानीय किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी हो सकती है।

रंगोली बिल्डटेक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

लोगों को समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न कटवाएं: शिक्षा मंत्री

खान कॉलोनी से अवैध कब्जे हटाने और धोखाधड़ी के आरोपितों को गिरफ्तार करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आमजन अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर सरकारी कार्यालयों में आते हैं। ऐसे में अधिकारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से समाधान करना होगा। शिकायत के निपटारे में लापरवाही या अनावश्यक देरी की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। शिक्षा मंत्री ने बैठक में कुल 16 शिकायतों की सुनवाई की, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर समाधान कराया गया। वहीं 9 शिकायतों को लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक तक आवश्यक कार्रवाई पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों को केवल औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित न रखा जाए, बल्कि प्रत्येक मामले की वास्तविक स्थिति की जांच कर ठोस कार्रवाई की जाए। महीपाल ढांडा ने कहा कि जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति का उद्देश्य आमजन की शिकायतों को सुनना भर नहीं, बल्कि उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को एक ही समस्या के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करवाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।



सोनीपत। बैठक में सुनवाई करते हुए शिक्षामंत्री।

रंगोली बिल्डटेक के खिलाफ सख्त रुख

बैठक में सेक्टर-16 स्थित रंगोली बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी से संबंधित शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पुलिस और जिला नगर योजनाकार को कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदार को सोसायटी से संबंधित रजिस्ट्रियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। खान कॉलोनी में अवैध कब्जों की शिकायत पर भी शिक्षा मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की जमीन पर किए गए अवैध कब्जों की पहचान कर संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जाएं और कब्जे तुरंत हटवाए जाएं।

पुराने मकान मालिक की गलती का खामियाजा न भुगते नया खरीदार

शास्त्री कॉलोनी निवासी सुदेश ने शिकायत दी कि उसने कुछ समय पहले मकान खरीदा था और उसकी रजिस्ट्री भी उसके नाम हो चुकी है। पुराने मकान मालिक द्वारा लंबे समय से बिजली बिल नहीं भरने के कारण बिजली कनेक्शन अपने नाम करवाने में परेशानी आ रही है। शिक्षा मंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मकान बेचने वाले व्यक्ति को बुलाकर एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान करवाया जाए।

डीडीपीओ को सौंपी जिम्मेदारी

गांव गढ़ी बाला निवासी विशाल मोहन दहिया की जमीन से संबंधित शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी की ड्यूटी लगाते हुए मामले का समाधान करवाने के निर्देश दिए।

धोखाधड़ी मामले में नामजद आरोपितों पर कार्रवाई के निर्देश

गांव पांची जाटान निवासी पवन सिंह ने पैसे से संबंधित धोखाधड़ी की शिकायत समिति के समक्ष रखी। मामले में पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राथमिकी में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए और सभी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने पुलिस को मामले की गंभीरता से जांच कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली, राई विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, उपायुक्त नेहा सिंह, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, डीसीपी सोनाक्षी सिंह, अतिरिक्त उपायक्त अजय चोपड़ा सहित संबंधित सभी अधिकारी और ग्रीवेंस के सदस्य मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पर हमला आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग तेज



सोनीपत। लघु सचिवालय में शिकायत देने पहुंचे।

■ संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी जितेंद्र गहलावत को सौंपे दो ज्ञापन, जल्द कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संगीत कर्मचारी मंच सोनीपत सहित विभिन्न सामाजिक और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को डीसीपी जितेंद्र गहलावत से मुलाकात कर दो ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन आरके नागर, सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता एवं प्रदेश अध्यक्ष हुड्डा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन ने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एचएसवीपी सोनीपत के दो मंडलों में करोड़ों रुपये के कथित घपले की उच्चस्तरीय जांच की शिकायत करने के बाद 11 और 17 अगस्त को उन पर जानलेवा हमला किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों हाथ-पैर की हड्डियां टूट गईं और मामले में 18 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज हुई। उनका आरोप है कि दो आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि अन्य आरोपित खुले घूम रहे हैं। उन्होंने सभी आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। दूसरा ज्ञापन सुरेश कुमार मदीना ने दिया। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतों और अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ के मामले में कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि बड़ौदा थाना में प्राथमिकी दर्ज है और एक आरोपित गिरफ्तार हो चुका है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी नहीं हुई। डीसीपी ने दोनों मामलों में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में यशवंत राव चौहान, सूरजपाल, भूप सिंह रंग, प्रताप तिरंगा, हरीश कुमार, सुनीता, कृष्णा और सुरेश मदीना शामिल रहे।

आधुनिक खेती अपनाकर बढ़ाएं आय पराली जलाने से बचें

■ सांदल कलां में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक खेती, फसल विविधीकरण बारे जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

'मेरा गांव मेरा गौरव' अभियान के तहत मंगलवार को गांव सांदल कलां में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक खेती, फसल विविधीकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. मधुबाला ठाकरे, डॉ. निरंजना मुरुकन और डॉ. मनीषा सैनी ने किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी। मधुबाला ने किसानों को गेहूं की नई किस्में अपनाने, जैविक खाद का इस्तेमाल करने तथा पारंपरिक खेती के साथ फल एवं सब्जियों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों और संतुलित पोषण को अपनाकर किसान फसल उत्पादन बढ़ाने के साथ अपनी आमदनी में भी इजाफा कर सकते हैं।



गन्नौर। किसानों को बीज की किट वितरित करते हुए कृषि वैज्ञानिक।

पराली जलाने से बचें, पर्यावरण बचाएं

डॉ. मनीषा सैनी ने किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। इस अवसर पर गेहूं की नई किस्मों की जानकारी देने के साथ किसानों को बीज किट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में पैक्स चेयरमैन राजसिंह नंबरदार, मामन सिंह, राकेश सरपंच, चैनपाल, प्रवीण कुमार, रणबीर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

सड़क किनारे कार रोककर सो रहे लोगों से आईफोन-लैपटॉप चोरी

■ राई के पास वारदात, एक आरोपित को पीड़ित ने देखा, दो साथियों संग बाइक से फरार, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई गांव के पास सड़क किनारे कार रोककर सो रहे लोगों को निशाना बनाकर तीन युवक करीब 2.20 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। आरोपित कार का दरवाजा खोलकर करीब 1.50 लाख रुपये का आईफोन, 45 हजार रुपये का लैपटॉप, 25 हजार रुपये के ईयरबड और चार्जर लेकर फरार हो गए। पीड़ित की आंख खुलने पर उसने एक आरोपित को मौके पर देख लिया और पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह अपने दो साथियों के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया।

गुरुग्राम के भोंडसी निवासी विवेक शर्मा ने राई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार से जा रहे थे। पांच अक्तूबर की तड़के करीब पौने पांच बजे राई गांव से पहले सड़क किनारे नींद आने पर उन्होंने कार रोक दी। इसके बाद सभी लोग कार को लॉक कर सो गए। करीब 10-15 मिनट बाद विवेक की आंख खुली तो एक युवक कार का दरवाजा खोलकर खड़ा दिखाई दिया। उसके हाथ में विवेक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बैग था। विवेक ने युवक को पकड़ने के लिए उसका पीछा किया। आरोपित सड़क किनारे लगी लोहे की पीली रेलिंग को पार कर दूसरी तरफ भाग गया, जहां उसके दो साथी पहले से बाइक लेकर खड़े थे। विवेक और उसके साथियों ने तीनों का पीछा किया, लेकिन कुछ दूरी के बाद आरोपित उनकी नजरों से ओझल हो गए।

15 वर्षीय छात्रा से ई-रिक्शा में छेड़छाड़ चालक को तीन साल की सजा

■ फास्ट ट्रैक विशेष अदालत ने दोषी पर लगाया 10 हजार रुपये का जुर्माना, छात्रा ने चाचा के माध्यम से भेजे थे 10 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ट्यूशन पढ़कर ई-रिक्शा से घर लौट रही 15 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में फास्ट ट्रैक विशेष अदालत ने आरोपी अलखराम को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को तीन साल के कारावास की सजा सुनाने के साथ 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि अदालत में जमा कराई जा चुकी है। मामले के अनुसार गन्नौर निवासी व्यक्ति ने 18 नवंबर 2025 को पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उनकी 15 वर्षीय बेटी शाम करीब सात बजे ट्यूशन पढ़ने के बाद ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। कुछ दूरी तय करने के बाद ई-रिक्शा चालक ने उसके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। आरोप है कि चालक बार-बार छात्रा को छूने लगा। छात्रा ने उसका विरोध किया तो चालक ने उससे 10 रुपये किराया मांगा। शिकायत के मुताबिक छात्रा ने अपने चाचा को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद चाचा ने आरोपी ई-रिक्शा चालक के मोबाइल नंबर पर यूपीआई के माध्यम से 10 रुपये भेज दिए। इसके बावजूद चालक की हरकतें नहीं रुकीं। आरोप है कि उसने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और उसे अपने पास बैठने के लिए कहता रहा।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए 19 नवंबर 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी की पहचान मूलरूप से उत्तर प्रदेश के फैजाबाद और वर्तमान में गन्नौर निवासी 55 वर्षीय अलखराम के रूप में हुई थी।

पीछा कर धमकाने का आरोप, युवक पर एफआईआर दर्ज

■ नंबर ब्लॉक करने पर अनब्लॉक करने का दबाव बनाने का आरोप, महिला ने कहा- पहले भी कई बार कर चुकी है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खरखौदा क्षेत्र की एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर पीछा करने, गाली-गलौज करने और फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार युवक उसका नंबर ब्लॉक करने के बाद उसे अनब्लॉक करने के लिए दबाव बनाता है। ऐसा नहीं करने पर बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जब भी स्कूल या बाजार जाने के लिए घर से निकलती है तो पड़ोस में रहने वाला युवक उसका पीछा करता है। रास्ते में वह गाली-गलौज करते हुए बातचीत करने का दबाव बनाता है। लगातार परेशान किए जाने से तंग आकर उसने युवक का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। महिला का आरोप है कि इसके बाद युवक उस पर नंबर अनब्लॉक करने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर वह उसे बदनाम करने, जान से मारने और उसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देने लगा।

बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं रुकी युवक की हरकतें

महिला के मुताबिक वह युवक की हरकतों को लेकर पहले भी कई बार पुलिस से शिकायत कर चुकी है। शिकायत के बाद युवक अपनी गलती मानकर दोबारा परेशान नहीं करने का आश्वासन देता था, लेकिन कुछ समय बाद फिर से उसकी गतिविधियां शुरू हो जाती थीं। महिला ने आरोप लगाया कि पिछले महीने रात करीब 11 से 12 बजे के बीच युवक उसकी खिड़की से झांकता हुआ दिखाई दिया। उसने इस बारे में युवक के परिजनों को भी बताया, लेकिन उन्होंने घटना की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण वह मानसिक रूप से परेशान है। थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रदीप सांगवान ने रजत पदक विजेता का किया स्वागत

■ खिलाड़ी हमारे राष्ट्र की शान होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने एशियन गेम्स में 97 किलोग्राम भारवर्ग में ग्रीको रोमन कुश्ती में रजत पदक विजेता नीतेश सिवाच का उनके गांव जागसी में पहुंचने पर स्वागत किया। प्रदीप सांगवान ने कहा कि नीतेश सिवाच ने रजत मैडल लाकर देश का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ी हमारे राष्ट्र की शान होते हैं। प्रदेश की नायब सरकार और केंद्र की मोदी सरकार खिलाड़ियों का मेडल लाने पर पर्याप्त पारितोषिक के साथ साथ अच्छी नौकरी देकर सम्मान कर रही है। सरकार की अच्छी खेल नीतियों के कारण हमारे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है, जिससे पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस मौके पर नीतेश सिवाच के कोच द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया, भलेराम नरवाल, शीतल आर्य, डॉ. राममेहर राठी, नीतेश के दादा धर्मपाल, पिता आनंद कुमार, सरपंच रमेश सहरावत, आजाद जागसी व सुरेन्द्र सहरावत के साथ अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

प्रदेशभर के शिक्षक लंबे समय से कर रहे प्रतीक्षा

ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू करने का शिक्षा मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य प्रधान सतपाल सिंधू की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की लंबे समय से प्रतीक्षित ट्रांसफर ड्राइव को लेकर शिक्षा मंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा की। राज्य प्रधान सतपाल सिंधू ने बताया कि प्रदेश के शिक्षक लंबे समय से ट्रांसफर ड्राइव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि विभागीय प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करवाकर ट्रांसफर ड्राइव शुरू की जाए, ताकि शिक्षकों को उनकी पसंद एवं आवश्यकता के अनुरूप स्थानांतरण का अवसर मिल सके।



सोनीपत। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शिक्षा मंत्री से मिलते हसला का प्रतिनिधिमंडल।

ट्रांसफर ड्राइव को लेकर शिक्षकों में उम्मीद

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि विभाग ट्रांसफर ड्राइव को लेकर तत्परता से कार्य कर रहा है। आवश्यक अड़चनों को दूर करते हुए आगामी कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। सोनीपत जिला प्रधान जगदीश लठवाल ने कहा कि ट्रांसफर ड्राइव को लेकर प्रदेश के शिक्षकों में काफी उम्मीदें हैं। प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर ट्रांसफर ड्राइव शुरू की जाए, ताकि लंबे समय से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों को राहत मिल सके। वहीं हसला प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के समक्ष शिक्षक हितों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की। उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में राज्य प्रेस सचिव अजीत चंदेलिया, संजय मलिक, संदीप आंतिल, सचिन शर्मा, जोगिंद्र कौशिक, कमला देवी, पुष्पा कुमारी, सुशीला आर्य शामिल रहे।

1034 विद्यालयों की एफीलिएशन तिथि बढ़ाने पर जताया आभार

प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के 1034 राजकीय विद्यालयों की ऑनलाइन एफीलिएशन की अंतिम तिथि बढ़ाने में सहयोग करने के लिए शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्य प्रधान सतपाल सिंधू ने कहा कि राजकीय विद्यालयों की एफीलिएशन का मामला हजारों विद्यार्थियों से जुड़ा हुआ था। शिक्षा मंत्री की ओर से मामले में सकारात्मक हस्तक्षेप किए जाने से सरकारी विद्यालयों को राहत मिली है। हसला शिक्षक एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार के समक्ष लगातार मजबूती से उठाता रहेगा।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style

तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।





नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

न्यूज डायरी



पुलिस लाइन मैदान में 7 अक्टूबर को होगी विकसित भारत संकल्प सभा

सोनीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को पुलिस लाइन मैदान में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सभा में प्रदेश के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान वह सेवा ज्योति यात्रा को हरी झंडी दिखाकर गोहाना, खरखौदा, गन्नौर और कुण्डली के लिए रवाना करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑनलाइन माध्यम से सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान, नगर निगम महापौर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक व प्रदीप सांगवान, नगर परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज और गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक मौजूद रहेंगे। इसके अलावा गोहाना, खरखौदा, गन्नौर व कुण्डली के नगर निकायों तथा ब्लॉक समितियों के चेयरमैन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कुष्ठ आश्रम में इनरव्हील क्लब ने बांटा भोजन



सोनीपत। इनरव्हील क्लब ऑफ सोनीपत की ओर से सेवा और मानवता की भावना को आगे बढ़ाते हुए कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब सदस्यों ने आश्रम में रहने वाले लोगों को भोजन वितरित किया और उनके साथ आत्मीयता से समय बिताया। इस दौरान सदस्यों ने जरूरतमंदों का हालचाल भी जाना।कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक, उपाध्यक्ष सुषमा दहिया, आईपीपी अनीता माडान, आईएसओ सुखदा नागपाल, कोषाध्यक्ष नीलम सहगल तथा सदस्य नीरज शर्मा, सुशीला कुमार, उषा शर्मा, अंजू दहिया और वीणा जैन मौजूद रहे। क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने कहा कि जरूरतमंद और वंचित लोगों की सेवा करना इनरव्हील क्लब के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। समाज के कमजोर वर्गों के बीच पहुंचकर उनकी मदद करने से सेवा भावना को मजबूती मिलती है। क्लब की ओर से भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे।



नाटक से विद्यार्थियों को दी योजनाओं की जानकारी

गोहाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शुभम नुक्कड़ नाटक मंडली द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मनोरंजक ढंग से दी गई। कार्यक्रम में कलाकारों ने धारा 370, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), आतंकवाद के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों तथा पेटीएम, यूपीआई सहित डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में हुए विकास को नाटक के माध्यम से सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, मिड-डे मील योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा डिजिटल इंडिया बारे भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी, गोहाना बलजीत गहलावत, प्राचार्या ईना, मंच संचालक रेणुका तथा गौरव कपूर, बीपीडब्ल्यू विष्णु दत्त शर्मा, अध्यापक शीला सहित अन्य अध्यापकगण एवं छात्राएं मौजूद रहीं। वहीं भगत फूल सिंह महिला विवि में प्रो. श्वेता तथा डॉ. ईशानी सहित अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।



स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिए बचाव के संदेश

सोनीपत। जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सब्जी मंडी के निकट, सोनीपत में स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर पहचान, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी देना था। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनाओं के माध्यम से स्तन कैंसर से बचाव और जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने 'जागरूकता अपनाएं, स्तन कैंसर को हराएं', 'समय पर पहचान, जीवन की मुस्कान' और 'जांच कराएं, जीवन बचाएं' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि शरीर में होने वाले असामान्य परिवर्तनों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। विद्यार्थियों ने समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधान राकेश जैन एवं प्राचार्या डॉ. नीरू ने संसाधन व्यक्तियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं।

विधायक निखिल मदान खिलाड़ियों की विजयी यात्रा में हुए शामिल

स्वर्ण पदक विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित



सोनीपत। खिलाड़ियों के साथ विधायक निखिल मदान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली हॉकी खिलाड़ी नेहा गोयल, ज्योति, साक्षी राणा, शिल्पी, अभिषेक नैन, सुमित कुमार और यशदीप सिवाच से विधायक निखिल मदान ने मिशन चौक पर मुलाकात की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक निखिल मदान खिलाड़ियों की विजयी यात्रा में भी शामिल हुए।

निखिल मदान ने कहा कि खेल के मैदान में मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से हासिल सफलता पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। नेहा गोयल, साक्षी राणा, शिल्पी और ज्योति ने महिला हॉकी में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतकर सोनीपत, हरियाणा और देश का गौरव बढ़ाया है। अभिषेक नैन, सुमित कुमार और यशदीप सिवाच ने भी पुरुष हॉकी टीम की स्वर्णिम सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां और बेटे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। खिलाड़ियों का सम्मान नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से उनकी खेल यात्रा, प्रशिक्षण और भविष्य की तैयारियों पर भी बातचीत की। निखिल मदान ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को द्रोणाचार्य अवार्डी कोच प्रीतम सिवाच ने प्रशिक्षण दिया है। भारत की हॉकी टीम की सफलता में प्रीतम सिवाच का योगदान सराहनीय है और वह भी बधाई के पात्र हैं।

नेशनल जूडो चैंपियनशिप में विश्वजीत मलिक व मयंक सांगवान ने जीते स्वर्ण पदक



खरखौदा। सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप, असंध, करनाल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के दो खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-17 के 60 किलोग्राम भार वर्ग में विश्वजीत मलिक तथा 90 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में मयंक सांगवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल करते हुए अंडर 17 चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। दोनों खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं प्रताप स्कूल के स्पोर्ट्स डायरेक्टर ओम प्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, जूडो कोच रोहित दहिया, मोहित पंवार, मयंक सांगवान के पिता राजेश सांगवान सहित विद्यालय का शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि दोनों खिलाड़ी अब तक राष्ट्रीय स्तर पर तीन-तीन पदक जीत चुके हैं। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्कूल खेलों के लिए भी चयन हुआ है, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। इस दौरान हरियाणा जूडो एसोसिएशन की महासचिव रेणु काजला की ओर से दोनों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 2100-2100 रुपये की राशि व विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा खेल किट प्रदान की गई। स्वर्ण पदक विजेता विश्वजीत मलिक और मयंक सांगवान ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, माता पिता, स्कूल प्रबंधन समिति व अपने प्रशिक्षकों को दिया।

मानविक ने स्पीड स्केटिंग में दिखाया दम, जीते स्वर्ण और रजत पदक



सोनीपत। हरियाणा राज्य स्पीड स्केटिंग क्लस्टर क्लब चैंपियनशिप-2026 में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के छात्र मानविक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को एमके रोलर स्केटिंग क्लब, गोहाना में किया गया। जिसमें मानविक ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए इनलाइन 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, इनलाइन 600 मीटर रेस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। साउथ प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि यह प्रतियोगिता हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की तरफ से आयोजित की गई थी। इसमें विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की थी। साउथ पॉइंट स्कूल से कक्षा दूसरी, ट्यूलिप के मानविक ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना शानदार खेल दिखाया। कम उम्र में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो पदक हासिल करना उसके खेल के प्रति समर्पण और मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि दोनों स्पर्धाओं में मानविक ने आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लिया और अपनी गति तथा संतुलन का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक हासिल करने के बाद स्कूल परिसर में भी खुशी का माहौल रहा। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मानविक को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं और निरंतर अभ्यास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

खिलाड़ियों ने कराटे में 2 स्वर्ण समेत जीते 6 पदक



खरखौदा। हरियाणा वाडो कराटे - डो एसोसिएशन द्वारा 4 अक्टूबर को माउंट आबू स्कूल, अंसल, पानीपत में आयोजित हरियाणा राज्य वाडो कराटे-डो चैंपियनशिप 2026 में केडी इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 4 रजत कुल मिलाकर 6 पदक हासिल किए। नीरू और विराज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। जबकि हिमांशु, अंश, दिव्य और दक्ष ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महिला वॉलीबॉल में टीकाराम कॉलेज द्वितीय



सोनीपत। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीकाराम कन्या महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। टीकाराम कन्या महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय महाविद्यालय महम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला एमकेजेके रोहतक की टीम के साथ हुआ, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। टीकाराम कॉलेज की टीम ने 2-1 के परिणाम के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।

एशियन गेम्सः पदक विजेता नितेश ने बढ़ाया देश का मान



गोहाना। एशियन गेम्सः 2026 में ग्रीको रोमन कुश्ती स्पर्धा में 97 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक विजेता गांव जागसी निवासी नितेश सिवाच पुत्र आनंद सिवाच मंगलवार को अपने गांव पहुंचे। खिलाड़ी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपने लाडले का भव्य स्वागत किया। बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल भी नितेश सिवाच को अपना आशीर्वाद देने पहुंचे। नितेश सिवाच पिछले 64 वर्षों में एशियन गेम्स में ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीणों ने उनको फूलों एवं नोटों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक इंदुराज नरवाल ने गांव जागसी के शिव मंदिर अखाड़ा के लिए 11 लाख रुपये की लागत से टीन शेड का निर्माण करवाने की घोषणा की। समारोह में द्रोणाचार्य अवार्डी कोच ओमप्रकाश दहिया, कोच संदीप दलाल, गोहाना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, रघुबीर जागसी, जितेंद्र जांगड़ा, राजेश गंगाना, सरपंच रमेश सहरावत, सरपंच अमित, सत्यवान, पूर्व सरपंच टेकराम, पूर्व सरपंच बीरा, पूर्व सरपंच सुरेंद्र व पूर्व सरपंच पवन आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं को उद्योग जगत की जरूरतों से करवाया परिचित

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से 'उड़ान-2026' के तहत आयोजित रोजगार मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 'कैंपस से उद्योग जगत तक' विषय पर आयोजित सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग जगत की अपेक्षाओं से परिचित कराने के साथ व्यावसायिक कौशल विकसित करना रहा। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने आयोजन की सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम में आईसीआईसीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रिशभ अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक हरि भजन सिंह, संबंध प्रबंधक नीरज कुमार, गीतीका आहूजा तथा प्रशांत सैनी ने छात्राओं से संवाद किया। विशेषज्ञों ने बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं, कार्य संस्कृति और आवश्यक कौशल की जानकारी दी। रिशभ अग्रवाल ने खाता संस्कृति, निरंतर सीखने और बदलती तकनीक के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रखने पर जोर दिया। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण हैं। रोजगार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. परवीन शर्मा ने विशेषज्ञों का आभार जताया। आयोजन में राकेश जुनेजा, मोनिका, डॉ. नवीन कुमारी और पारुल का सहयोग रहा।



आर्य समाज सेक्टर-15 के 27वें वार्षिकोत्सव में वेदों के सिद्धांत अपनाने पर जोर



सोनीपत। आर्य समाज सेक्टर-15 के 27वें वार्षिकोत्सव के तहत सामवेद पारायण यज्ञ के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ सामवेद यज्ञ से हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सुरेश आर्य ने कहा कि वेद ईश्वरीय ज्ञान हैं। वेदों के सिद्धांतों का अनुकरण करके समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना की जा सकती है। गुजरात से आए वैदिक विद्वान आचार्य योगेश वैदिक ने गृहस्थ व्यक्तियों के कर्त्तव्यों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति को ईश्वर प्रिय नहीं है और वह उन्हीं कार्यों को अधिक महत्व देता है, जिनसे धन की प्राप्ति होती है। ईश्वर के गुणों का चिंतन करने से ही मन में उसके प्रति श्रद्धा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने परिवारों में बच्चों को ईश्वर और वेदों का ज्ञान देने का आह्वान किया, ताकि उनमें अच्छे संस्कार विकसित हो सकें। भजनोपदेशक भानुप्रकाश आर्य ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान जगदीश फुकरेजा, मंत्री दीनदयाल मदान, अशोक मदान और आयुष आर्य मौजूद रहे। प्रसाद वितरण और शांति पाठ के साथ सत्संग का समापन हुआ।

वेद में जाति जन्म से नहीं कर्म से है: आचार्य राजकुमार शर्मा



सोनीपत। परतंत्र भारत के लोगों को पहली बार महर्षि दयानंद सरस्वती ने स्वराज्य शब्द से अवगत कराया और उन्हें आजादी का महत्व समझाया। ये विचार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सांख्यिकीय अधिकारी सतीश कुमार ढोचक ने व्यक्त किए। वे शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सांख्यिकीय अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर यज्ञीय कार्यक्रम को आरंभ कराया और कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले 80 प्रतिशत से ज्यादा लोग आर्यसमाजी और महर्षि दयानन्द सरस्वती की क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक विचारधारा से प्रभावित थे। आज हम जिस आजाद भारत में सांस ले रहे हैं, उसमें आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। महायज्ञ के ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि वेद में जन्म से जाति नहीं है। सभी की मनुष्य जाति है बाकी सब तो कर्म के आधार पर बंटवारा है। जो जैसा कर्म करेगा उसे वैसा ही फल मिलेगा। फल भोगने में गुरु, नाम, मठ, आश्रम कुछ नहीं कर सकेंगे। मंगलवार को महायज्ञ में कुलदीप राठी-ललिता, ओमप्रकाश-सुमित्रा, प्रयाग-दीपिका, राजेंद्र पहल-बाला यजमान बने। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान धर्मप्रकाश, मंत्री कपिल देव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, पुरुषोत्तम दास, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, साक्षी, संतोष, रजवंत कौर, सीमा, सोनिया, हिमांशी, वारिदत्त शास्त्री, दिलावर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

नशे की लत युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर सकती है : बहन प्रीति

गन्नौर। ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय शाखा गन्नौर की ओर से युवाओं को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में नशामुक्ति प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहन प्रीति के नेतृत्व में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। बहन प्रीति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। नशे की लत युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। स्कूल के प्रधानाचार्य जगबीर देशवाल ने नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए युवाओं को नशे से बचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करने पर जोर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संदीप सिंगला, रामेश्वर दत्त, डॉ. महेंद्र कुमार,सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



बीआईटीएस में विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से दिखाई प्रतिभा



सोनीपत। मोहाना स्थित भारत इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग (बीआईटीएस) में आयोजित दो दिवसीय अभिमुखीकरण दिवस कार्यक्रम का उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में डॉ. सीमा राठी, प्रबंधन समिति की सदस्य एवं संस्थान की निदेशिका प्रो. (डॉ.) पूनम जागलान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या अन्नू सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कविता पाठ, परिचयात्मक गतिविधियों, समूह खेल, प्रश्नोत्तरी, रचनात्मक प्रस्तुतियों और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बनाया। समापन अवसर पर प्रो. (डॉ.) पूनम जागलान ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने के साथ आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को मजबूत करने का अवसर देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी पाठ्यक्रम के साथ ऐसी रचनात्मक और सामूहिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कथा

कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार प्रसंग सुनाया

श्रीमद्भागवत कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम

- माता-पिता को बच्चों को बचपन से ही नैतिक और धार्मिक संस्कार देने चाहिए
- बच्चों को ईश्वर भक्ति के साथ गोसेवा और साधु सेवा जैसे पुण्य कार्यों के लिए प्रेरित करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शिव मंदिर (शिव वाटिका), नंदवानी नगर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पं. विनय शर्मा ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग सुनाया।

कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर प्रधान सीताराम भारद्वाज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने और जीवन के पापों से मुक्ति दिलाने वाला अमृत प्रवाह है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के प्रसंग के माध्यम से बताया कि भगवान की भक्ति में अपार शक्ति है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों को बचपन से ही नैतिक और धार्मिक संस्कार देने चाहिए। बच्चों को ईश्वर भक्ति के साथ गोसेवा और साधु सेवा जैसे पुण्य कार्यों के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। कथा की शिक्षाओं को जीवन में अपनाना आवश्यक है।



ये मौजूद रहे

इस अवसर पर यजमान सहित सुनील ठक्कर, नन्द लाल, ज्ञान चन्द ठक्कर, सुभाष शर्मा, कृष्णा राजवन्ती, नीरू, बबली, सुनैना, भारती, आरती नीलकण्ठ शर्मा, अमित भारद्वाज, पं. वीरेन्द्र उपाध्याय, शंकुतला देवी, कृष्णा शर्मा, दीक्षा भारद्वाज, बिन्दु उपाध्य, ओम प्रकाश, अशोक भारद्वाज, आहुजा, अनिल चड्ढा, आनन्द, सुभाष हसीजा, अशोक रेहजा, मनोहर लाल छाबड़ा, लैहर नाथ भारद्वाज, दर्शन, करण सिंह सेतिया, वीरेन्द्र भुटानी, राजकुमार और पुनित शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

मांगों पर सहमति के बाद नर्सिंग एसोसिएशन ने आगामी हड़ताल स्थगित की

रोहतक। नर्सिंग कैडर पर एमओटीपी लागू नहीं करने और वाशिंग अलाउंस सहित विभिन्न मांगों को लेकर स्वास्थ्य संस्थानों में चल रही दो घंटे की हड़ताल को नर्सिंग एसोसिएशन ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। मंगलवार को एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा और डीजीएचएस डॉ. मनीष बंसल के साथ बैठक हुई। बैठक में नर्सिंग कैडर की विभिन्न मांगों पर विचार किया गया। एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़, राज्य कोषाध्यक्ष सुमन कुंडू और राज्य संयुक्त सचिव संतोष शर्मा सहित प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ग्राम पंचायत बिलबिलान
तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)
मो. नं. 9991483647

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिलबिलान के चार तालाबों 1. डोबी वाला तालाब, 2. गोसाईं वाला तालाब, 3. डाबर वाला तालाब और 4. कवाली वाला तालाब की मछलीपालन हेतु खुली बोली दिनांक 21.10.2026 को प्रातः 10 बजे गांव बिलबिलान के ग्राम सचिवालय में की जानी है। उक्त तालाबों को 8 साल की अवधि के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। बोली की सिक्योरिटी राशि 50 हजार रुपये जमा करवानी होगी। बोली की बाकी शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जाएंगी। बोली में कोई भी बोलीदाता भाग ले सकता है।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत बिलबिलान
तह. गोहाना (सोनीपत)

खबर संक्षेप



गोहाना। अपने द्वारा बनाए गए पोस्टर प्रदर्शित करते हुए छात्राएं।

भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ओजोन परत के महत्व एवं इसके संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की दीपांशु ने प्रथम, तृतीय वर्ष की वंदना ने द्वितीय और तृतीय वर्ष की साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की कीर्ति ने प्रथम, अंतिम वर्ष की सानिया ने द्वितीय और प्रथम वर्ष के प्रतीक ने तृतीय स्थान पाया।



खरखौदा। मुख्याध्यापिका बबली अत्री को सम्मानित करते आयोजक।

बबली अत्री श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड से सम्मानित

खरखौदा। उपमंडल खरखौदा के गांव सेहरी स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय की मुख्याध्यापिका बबली अत्री को केंद्रीय आर्य युवक परिषद द्वारा श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान जींद में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया।



अनकही कहानियां विषय पर नुक्कड़ नाटक किया

खरखौदा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में नमो सेवा अनकही कहानियां विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से सेवा, सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याण से जुड़े संदेशों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का संचालन बंटी एंड टीम द्वारा किया गया।

कई अवसरों के बावजूद कालेजों में खाली रह गई 40 प्रतिशत तक सीटें

पोर्टल 6 अक्टूबर तक ओपन रहने के बावजूद कोई नया दाखिला नहीं हुआ

- उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों की सभी सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के लिए 24 सितंबर को खोला था पोर्टल
- विद्यार्थियों की सहायता के लिए महाविद्यालयों में बने हेल्प डेस्क भी साबित नहीं हो पाए कारगर, अंतिम दिन अधिकतर महाविद्यालयों में नहीं हुआ कोई दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। हिंदू महाविद्यालय में दाखिला संबंधी जानकारी लेते विद्यार्थी।

जिलेभर के राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया के लिए मिली छूट की अवधि खत्म होने के साथ मंगलवार को मिशन एडमिशन की गाड़ी थम चुकी है। छूट अवधि में अधिकतर महाविद्यालयों में 10 से 15 नए दाखिले हुए हैं। हालांकि दाखिला पाने वाले विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं का दौर पहले ही शुरू हो चुका है। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया के लिए करीब डेढ़ माह ज्यादा अवसर मिलने के बावजूद महाविद्यालयों में दाखिलों की संख्या ज्यादा नहीं बढ़ पाई। महाविद्यालयों प्रबंधकों की मानें, तो इस साल स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम में करीब 65 से 70 प्रतिशत, जबकि स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम में मात्र 55 से 60 प्रतिशत सीटों पर दाखिले का रेशों सामने आया है। दाखिलों की कम संख्या के चलते महाविद्यालय प्रबंधन चिंतित नजर आ रहे हैं। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने यूजी पाठ्यक्रम की दाखिला प्रक्रिया के तहत 22 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की गई थी। साथ ही विद्यार्थियों को 4 अगस्त तक दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करवाने का मौका दिया गया था। काफी संख्या में सीटें खाली रहने के बाद 4 अगस्त को ही दूसरी मेरिट सूची जारी करते हुए विद्यार्थियों को 7 अगस्त तक फीस जमा करवाने का अवसर दिया गया। इसके बावजूद महाविद्यालय प्रबंधन शेष खाली सीटों पर दाखिला सुनिश्चित नहीं कर पाए। ऐसे में निदेशालय ने ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करते हुए 16 अगस्त तक 100 रुपये विलंब फीस के साथ विद्यार्थियों को यूजी कोर्स में दाखिला दिया गया। फिर 17 से 23 अगस्त तक रोजाना 100 रुपये अतिरिक्त शुल्क के साथ दाखिले का मौका दिया । फिर भी महाविद्यालयों में करीब 50 प्रतिशत सीटें खाली रहने और प्रबंधकों की गुहार के बाद निदेशालय ने पुनः विद्यार्थियों को 15 सितंबर फिर 24 सितंबर को राहत देते हुए पोर्टल ओपन किया, लेकिन इसके बावजूद सभी सीटों पर दाखिले सुनिश्चित नहीं हो पाए। 6 अक्टूबर तक पोर्टल ओपन रहने के बावजूद अधिकतर महाविद्यालयों में कोई नया दाखिला नहीं हुआ।

विद्यार्थियों ने दाखिला लेने में रूचि नहीं दिखाई

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने तय अवधि पूरी होने के बाद महाविद्यालयों में चल रही दाखिला प्रक्रिया को बंद कर दिया है। विद्यार्थियों के लिए नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। हालांकि अधिकतर महाविद्यालयों में अपेक्षाकृत सीटों पर दाखिले सुनिश्चित नहीं हो पाए हैं। फोन पर सूचना देने के बावजूद कई विद्यार्थियों ने दाखिला लेने में रूचि नहीं दिखाई।

-डॉ. सीमा गर्ग, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

भरसक प्रयास भी सुनिश्चित नहीं कर पाए पर्याप्त सीटों पर दाखिले

बता दें कि इस वर्ष सीबीएसई व एचबीएसई से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले करीब 21203 विद्यार्थियों के लिए जिले के 23 राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में यूजी में प्रवेश के लिए 13500 से ज्यादा सीटें तय की गई थी। हालांकि शुरुआती दौर में अधिकतर महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों ने 85 से 90 प्रतिशत सीटों पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवाया था, लेकिन दस्तावेजों के सत्यापन व दाखिला फीस जमा करवाने में विद्यार्थियों ने खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। विद्यार्थियों की सहायतार्थ महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित करवाने, मेरिट सूची में शामिल छात्रों को फोन पर सूचना देने के बावजूद प्रबंधन पर्याप्त सीटों पर दाखिला सुनिश्चित नहीं कर पाए।

नौकरी की चाह, बड़े संस्थानों का रुख और फीस बढ़ोतरी ले डूबी एडमिशन

शिक्षा विशेषज्ञों की मानें, तो इस वर्ष विद्यार्थियों का बड़े संस्थानों की ओर रुख करना, नौकरी की चाह और फीस बढ़ोतरी जैसे विषय महाविद्यालयों में दाखिलों की संख्या ले डूबे। बता दें कि सोनीपत जिला दिल्ली, मुरथल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों के काफी नजदीक है। ऐसे में अधिकतर विद्यार्थी 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी होने से पहले ही स्नातक कक्षाओं के लिए बड़े शिक्षण संस्थानों का रुख करने लगते हैं। विद्यार्थियों की पसंद केवल दिल्ली विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय या अन्य निजी बड़े शिक्षण संस्थान बने रहते हैं। साथ ही कुछ युवा जल्द नौकरी की चाह में विभिन्न कोर्स के लिए प्राइवेट शिक्षण संस्थानों की राह पकड़ते हैं। इनके अलावा इस वर्ष यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों की फीस में करीब 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होना हुई है। यही कारण हैं कि इस साल भी महाविद्यालयों में दाखिला स्तर काफी कम रहा।

16 साल नौसेना में सेवा के बाद गोविंद मरीचि बने सब-लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

- गांव के स्कूल से पढ़ाई कर पहली कोशिश में एसएसबी पास की, जेसीओ रहते अधिकारी बनने वाले अपनी शाखा के पहले नौसैनिक



गांव मुण्डलाना की मिट्टी में पले-बढ़े गोविंद मरीचि ने भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त कर अपने परिवार के साथ गांव और गोहाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। करीब 16 वर्षों तक भारतीय नौसेना में चीफ एमई (जेसीओ) के रूप में सेवाएं देने के बाद उन्होंने 1 अक्टूबर 2026 को विशाखापत्तनम में सब-लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। तीन वर्ष के प्रशिक्षण के बाद मिली इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोविंद मरीचि ने वर्ष 2010 में भारतीय नौसेना में अपनी सेवा की शुरुआत की थी। सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न लड़ाकू पोतों और पनडुब्बियों पर जिम्मेदारियां निभाईं। लगातार मेहनत और आगे बढ़ने की इच्छा के चलते उन्होंने नौसेना में रहते हुए अधिकारी बनने का लक्ष्य तय किया। वर्ष 2023 में उन्होंने पहली ही कोशिश में एसएसबी परीक्षा उत्तीर्ण की और अधिकारी प्रशिक्षण के लिए चयनित हुए। उस समय चीफ एमई (जेसीओ) के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि नौसेना के इतिहास में अपनी शाखा में चीफ एमई (जेसीओ) के पद पर रहते एसएसबी के माध्यम से अधिकारी बनने वाले वह पहले नौसैनिक हैं।

वोट चोरी और एसआईआर के खिलाफ कल सड़कों पर उतरेगा विपक्ष : दिवान

- गांधी चौक से अंबेडकर पार्क तक निकाली जाएगी प्रदर्शन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष साथ में अन्य।

चुनाव में वोट चोरी, साफ्टवेयर के दुरुपयोग और एसआईआर के नाम पर करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर आठ अक्टूबर को सड़कों पर उतरने जा रही है। सोनीपत में गांधी चौक से लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क तक एक विशाल प्रदर्शन मार्च निकाला जाएगा, जिसकी अगुवाई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा करेंगी। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने मंगलवार को माडल टाउन स्थित अपने कार्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव दहिया एवं माकपा नेता श्रद्धानंद सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर सत्येंद्र गिरी,तिलक राम, श्रद्धानंद सोलंकी, जसवंत दहिया,जयवीर राठी, ऋतुराज उपस्थित रहे।

अधिकारियों के अधिकार छीनकर किया केंद्रीकरण : सोलंकी

प्रेस वार्ता में मौजूद माकपा नेता श्रद्धानंद सोलंकी ने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या काटने का अधिकार स्थानीय स्तर पर एसडीएम के पास होता है, लेकिन नियमों को दरकिनार कर पूरी प्रक्रिया को दिल्ली से केंद्रीकृत कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय में भी इस संबंध में झूठे दावे किए गए। उन्होंने कहा कि गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों से पुराने दस्तावेज मांगकर उनके वोटिंग अधिकार छीने जा रहे हैं।

महेंद्र सिंह टिकैत को जन्मदिवस पर किया याद

गोहाना। मंगलवार को पुराना बस स्टैंड स्थित चौधरी छोटूराम चौक में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के सदस्यों ने महेंद्र सिंह टिकैत के जन्मदिवस पर कार्यक्रम किया। टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। मुख्य वक्ता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह ढांगी ने कहा कि टिकैत का जीवन किसानों, पिछड़ों, शोषितों के हितों एवं उनके अधिकारों की रक्षा को समर्पित रहा। किसानों के लिए उन्होंने खुद को समर्पित कर दिया था और उनका प्रभाव इतना था कि सत्ता पक्ष के लोग भी उनके सामने झुकने को मजबूर हो जाते थे। लोकप्रियता शिखर पर पहुंचने के बावजूद उनको राजनीतिक महत्वाकांक्षा कभी छू तक नहीं पाई। डा. सुरेश सेतिया, उधम सिंह ,सोमवीर सरोहा व अनिल शर्मा ने भी उनको नमन किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हृदय ने जीता रजत



राई। जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत (खेवड़ा) के कक्षा 12वीं के छात्र एवं होनहार फुटबॉल खिलाड़ी हृदय गुलाटी ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। हृदय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्य फुटबॉल टीम में हुआ है। अब वह आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। हृदय की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रशासनिक प्रमुख निधि दत्ता ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हृदय ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन और खेल शिक्षकों ने भी हृदय गुलाटी को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का 11 अक्टूबर को होगा: रोहित त्यागी



गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से गन्नौर में नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन 11 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे मदर प्राइड स्कूल के सामने खाली मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी आयोजक सोनू उर्फ रोहित त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली तथा गन्नौर विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सोनू उर्फ रोहित त्यागी ने बताया कि उन्होंने सभी नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में पहुंचकर अतिथियों का स्वागत करने की अपील की। समारोह को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

स्वर्ण पदक विजेता साक्षी व ज्योति को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

बेटियों की स्वर्णिम सफलता युवाओं के लिए बनी प्रेरणा

- शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने खिलाड़ियों के आवास पर पहुंचकर बुके भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। खिलाड़ियों को सम्मानित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान एवं अन्य।

एशियाई खेलों (एशियन गेम्स) में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सोनीपत की दो होनहार बेटियों साक्षी और ज्योति ने स्वर्णिम सफलता हासिल कर अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है।

इस ऐतिहासिक गौरव पर सोनीपत शहरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल दिवान ने दोनों विजेता खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट कर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने खिलाड़ियों और उनके परिजनों के बीच पहुंचकर उन्हें इस स्वर्णिम पल के लिए बधाई दी। उन्होंने सतपाल की सुपुत्री साक्षी तथा नरेंद्र की सुपुत्री ज्योति के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि दोनों बेटियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और अनुशासन के दम पर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा और जज्बा हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। कमल दिवान ने कहा कि साक्षी और ज्योति की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल खेल जगत को गौरवान्वित करती है, बल्कि पूरे समाज, विशेषकर हमारी बेटियों के लिए एक बहुत बड़ा प्रेरणास्रोत है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और खेल के मैदान में देश का तिरंगा सबसे ऊपर लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन बेटियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने और देश के लिए पदक जीतने का नया उत्साह मिलेगा।

कमल दिवान ने दोनों बेटियों के परिजनों व कोचों का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय खेल प्रेमी, पारिवारिक सदस्य व ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, सचिव बबला मलिक, सचिव नरेंद्र हुड्डा, राकेश नरवाल, लीलू प्रधान, अशोक शर्मा, बादल, बिजेंदर दहिया, व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



गोहाना। राजकीय कालेज बड़ौता और डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मदीना के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ग्रोवर, प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. शैलेश कलकल तथा डीबीएम स्पेशल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मदीना की ओर के निदेशक विकास मलिक ने हस्ताक्षर किए। एमओयू का मूल उद्देश्य दोनों संस्थाओं के अबीच शैक्षणिक सहयोग, प्रायोगिक एवं व्यावहारिक शिक्षण, फैकल्टी इंटरेक्शन, विद्यार्थियों के कौशल विकास, सेमिनार, कार्यशालाओं, शोध गतिविधियों तथा अन्य अकादमिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने ज्ञान एवं अनुभवों को साझा करने तथा बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त करने का मंच मिलेगा। लेफ्टिनेंट अनिल बडगुज्जर, डॉ. प्रदीप कुंडू व डॉ. विनोद मौजूद रहे।

तीन दिवसीय कंप्यूटर मेले में झलकी प्रतिभा



गोहाना। विद्या भारती, हरियाणा के तत्वावधान में मंगलवार को गीता विद्या मंदिर, गोहाना में तीन दिवसीय प्रांतीय गणित-विज्ञान एवं कंप्यूटर मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान एवं कंप्यूटर के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुमित गर्ग, संस्थापक, हैंड्स ऑफ रिंग्स, दिल्ली डायमंड्स रहे। मुख्य वक्ता विद्या भारती उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री विजय नड्डा रहे। गरिमामयी उपस्थिति हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के अध्यक्ष ऋषि राज वशिष्ठ की रही। विशिष्ट अतिथि शैक्षणिक खंड गोहाना के बीईओ बलजीत गहलावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजबान विद्यालय के अध्यक्ष तिलकराज रेलन ने की।

25 मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरित



गन्नौर। लायंस क्लब गन्नौर गौरव की ओर से मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मेधावी और दूर से स्कूल आने वाली करीब 25 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बेटियों की पढ़ाई में आने-जाने की परेशानी बाधा नहीं बननी चाहिए। साइकिल मिलने से छात्राओं को सुरक्षित और आसान आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे वे समय पर स्कूल पहुंचकर पढ़ाई जारी रख सकेंगी। प्राचार्य जगबीर देशवाल, लायन हरीश वाधवा, क्लब अध्यक्ष विक्रांत हांडा, तरुण चुद्य, प्रवेश मदान, अंकित मल्होत्रा, भावना जागया, रानी कादियान, मंजू पहल, अनुराधा गौतम मौजूद रहे।

नमो सेवा विषय पर नुक्कड़ नाटक



राई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई में 'नमो सेवा विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग विकास दहिया तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता माई राम कौशिक और पवन दुग्गल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से उपस्थित अतिथियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने सेवा और सामाजिक दायित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली संवाद व अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति ने दर्शकों को समाज के प्रति अपने दायित्व समझने और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

बाल केंद्रित पद्धतियों से करवाया अवगत

- हरियाणा निपुण मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के लिए सभी ब्लॉक में 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

सोनीपत। शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन के तहत मंगलवार को जिलेभर के सभी सात खंडों में प्राथमिक शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) शिविरों का शुभारंभ किया गया। हर साल प्रशिक्षण शिविर जून में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान लगाए जाते थे, लेकिन इस वर्ष अधिकतर शिक्षकों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 में ड्यूटी होने के कारण विभाग ने अक्तूबर में प्रशिक्षण शिविरों की शुरुआत की है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जिले 1700 प्राथमिक शिक्षक व 50 मेंटर्स लाभान्वित होंगे। जिले के सभी खंडों में प्रशिक्षण शिविरों का उद्घाटन सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से किया गया। गोहाना में उप जिला शिक्षा अधिकारी सरिता ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सप्ताह में कुल 15 बैच आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण जिलेभर में करीब चार सप्ताह तक जारी रहेगा।

गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाएं



सोनीपत। श्रीराम ज्योतिष पीठ व दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में सेक्टर-14 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को चौथा दिन रहा। कथाव्यास शिव कुमार अत्री ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग का मनमोहक वर्णन किया। कथा की शुरुआत श्री गोशाला जटवाड़ा समिति व गोशाला बंशीधाम हरसाना कलां समिति व श्री बालाजी सेवा समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन करके किया। कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कथास्थल को रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से सजाया गया। कथाव्यास शिव कुमार अत्री ने कथा में देवकी-वासुदेव के कारागार में श्रीकृष्ण के अवतरण का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, के जयघोष से गूंज उठा।

नि:शुल्क शिविर में 173 लोगों के नेत्र जांचे



गोहाना। वेलकम फाउंडेशन वेलफेयर सोसायटी, गोहाना द्वारा नेत्र शक्ति' प्रोजेक्ट के अंतर्गत शहर में शिवाला मस्तनाथ मंदिर में फ्री नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 173 लोगों के नेत्रों की फ्री जांच की । डॉ गुरमीत सिंह द्वारा आवश्यक परीक्षण, दवाइयां एवं परामर्श प्रदान किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष केसी शर्मा ने बताया कि जांच के उपरांत कुल 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है अब उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर प्राथमिकता देते चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन संस्था द्वारा नि:शुल्क करवाए जाएंगे। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और विशिष्ट अतिथि प्रवीण गोयल, सुनील मेहता, डॉ. चक्रवर्ती शर्मा परीक्षित कत्याल एवं डॉ राकेश रोहिल्ला रहे।

विकास में गोहाना को पीछे नहीं रहने देंगे : डॉ. शर्मा



गोहाना। प्रदेश के सहकारिता , कारागार , पर्यटन , विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत गोहाना मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गोहाना के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनसेवा को शासन का आधार बनाकर सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री के इसी सेवा भाव को लेकर कार्यकर्ता सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इसी संकल्प के साथ हरियाणा में जनकल्याण और विकास की योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं।